झारखण्ड में 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक संचालित होने वाले

# 'आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार'

कार्यक्रम के तहत दिनांक 30.11.2021 को राज्य के विभिन्न नगर निकायों में कैंप का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए।

## सीता हाई स्कूल के मैदान में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिहरगंज पलामू। स्थानीय सीता उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को हरिहरगंज नवगठित नगर पंचायत के वार्ड 4,5,6 के लिए आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत, प्रखंड व अंचलकर्मी ...

... मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदन को भी शीघ्र निष्पादित किया जाएगा। कार्यक्रम में सीओ वासुदेव राय, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्र, सिटी ...

... सिंह, अशोक यादव, धर्मे... विनोद पासवान, शंभ... अमित कुमार सिंह स... संख्या में शहरवासी उप...

## 150 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन हुआ

**प्रतिनिधि, हरिहरगंज**

हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को हरिहरगंज नगर पंचायत वार्ड 4, 5, 6 के लिए आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ...

राजस्व सहित कई समस्याओं को लेकर काफी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. इस दौरान कुल 350 आवेदन आये, जिसमें 150 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया. मौके पर सीओ वासुदेव राय, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्र, सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, सीआइ प्रगति प्रकाश, अंचल सहायक अनिल सिंह, ...



## सरकार आपके द्वार का 200 लोगों ने उठाया लाभ

### 16 से 28 दिसंबर तक शिविर का होगा आयोजन, कुछ समस्याओं को त्वरित निष्पादन हुआ

### मानगो नगर निगम क्षेत्र में 16 से 28 दिसंबर तक शिविर का होगा आयोजन

जास, जमशेदपुर : सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मानगो नगर निगम की ओर से मंगलवार को डाईगुट्टू स्थित झंडासिंह स्कूल में किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय उपस्थित थे। शिविर में 200 से ज्यादा विभिन्न योजनाओं के संबंध में आवेदन आए। दीपक सहाय ने बताया कि 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवधि में जगह जगह शिविर लगा कर आम जनता को सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। शिविर में श्रमिकों का निबंधन ई पोर्टल, पेंशन फॉर्म, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, लोन, पीएम स्व निधि, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि कई योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्राप्त कई आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर निष्पादन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया सात दिसंबर को उर्दू मध्य विद्यालय मुर्दा मैदान जवाहर नगर, 14 दिसंबर को राजस्थान भवन डिमना रोड मानगो तथा 21 दिसंबर को डिमना मध्य विद्यालय, डिमना चौक में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक निशांत कुमार, अनामिका निशा बारे, दिनेश्वर यादव आदि थे।



मानगो के डाईगुट्टू में मंगलवार को लगे शिविर में पहुंचे लोग • जागरण

### जुगसलाई शिविर में 90 फरियादी पहुंचे, कई समस्याओं का हुआ निपटारा

**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर :** मुख्य सचिव, झारखंड सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, रांची के निदेश के आलोक में कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव के निर्देश पर मंगलवार को आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सप्ताह में एक दिन जुगसलाई क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर शिविर लगा कर आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। ...यादव ने बताया कि मंगलवार को बालक मध्य विद्यालय, एमई स्कूल में सुबह 11 बजे से तीन बजे तक आयोजन किया गया। शिविर में कुल 90 आवेदन ...



## हरिहरगंज में लगा शिविर, 150 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन

हरिहरगंज | सीता उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को हरिहरगंज नवगठित नगर पंचायत के वार्ड 4,5,6 के लिए आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता हरिहरगंज बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत, प्रखंड व अंचलकर्मी शामिल हुए। राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आवास, राशन कार्ड, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर लोग कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी श्री नारायण ने बताया कि कुल 350 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 150 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA